मोहनपुरा सिंचाई परियोजना राष्ट्र को समर्पित

चर्चा में क्यों?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के रायगढ़ ज़िले में मोहनपुरा सिंचाई परियोजना राष्ट्र को समर्पित की। यह परियोजना कृषि भूमि की सिंचाई सुविधा के साथ-साथ इस क्षेत्र के गाँवों को पीने का पानी भी उपलब्ध कराएगी।

प्रमुख बिंदु

- परियोजना की कुल लागत 3866.34 करोड़ रुपए है।
- इस परियोजना का निर्माण कार्य दिसंबर 2014 में शुरू हुआ था। फरवरी 2018 में निर्माणावधि से पहले इसे पूरा कर लिया गया।
- इस बांध में करीब 61.63 करोड़ घन मीटर जल भराव की क्षमता है। 456.50 मीटर लंबा और 77.50 मीटर की ऊँचाई वाला पक्का बांध बनाया गया है।
- इस बांध के निर्माण से करीब 1.34 लाख हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई की जा सकेगी।
- इस परियोजना से मध्यप्रदेश की राजगढ़ ज़िले के 727 ग्राम लाभान्वित होंगे। परियोजना के अंतर्गत उद्योगों और पेयजल के लिये 5-5 मिलियन घन मीटर पानी आरक्षित किया गया है।
- 17 गेट वाला यह बांध ज़िले का सबसे बड़ा और भोपाल संभाग का दूसरा सबसे बड़ा बांध है।

अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु

- मोहनपुरा सिंचाई परियोजना के साथ-साथ कई अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया गया।
- प्रधानमंत्री ने स्वच्छ सर्वेक्षण (Swachh Survekshan), 2018 के विजेताओं की भी प्रशंसा की।
- प्रधानमंत्री ने इंदौर के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 'सूत्र सेवा' नामक राज्य सरकार की शहरी परिवहन योजना का भी उद्घाटन किया।
- यह किफायती बस सेवा 'सूत्र सेवा: एमपी की अपनी बस' (Sutra Seva: MP Ki Apni Bus) राज्य के 20 चयनित शहरों में पेश की जा रही है।
- शहरी विकास और आवास विभाग (Urban Development and Housing Department) निजी साझेदारी के माध्यम से अमृत योजना (Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation - AMRUT) के तहत शहरों के अंदर और बाहर बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी।
- 'सूत्र सेवा' के पहले चरण में 127 बसें चार नगर पालिका शहरों- भोपाल, इंदौर, जबलपुर एवं छिंदवाड़ा में और दो नगर पालिका कस्बों गुना व भिंड में चलाई जाएंगी।
- प्रधानमंत्री ने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन में 278.26 करोड़ रुपए की लागत से 23 विकास परियोजनाएँ भी राष्ट्र को समर्पित की।
- कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 14 शहरी क्षेत्रों के लिये पेयजल योजनाओं का उद्घाटन किया। ये स्थान हैं: धरमपुरी नगर परिषद (धार ज़िला), रायसेन नगर परिषद, बेगमगंज, ओबेदुल्लागंज (Obaidullaganj), बेरसिया (भोपाल), अथनर (बैतूल), भावंद (रतलाम), डिंडोरी, लखनादोन (सेनी), नरसिंहपुर, सबलगढ़, बमर, पोरसा (मुरैना) और बामौरी (शहडोल)।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-in-mdhya-pradesh-dedicates-mohanpura-irrigation-project-to-the-nation